# कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ रायपुर

## छत्तीसगढ़ आबकारी अधीनस्थ तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा में आबकारी उप–निरीक्षकों के पदों को भरने हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (वर्ष–2022)

## //सूचना//

क्रमांक/आब./वि.प./3286/2022 रायपुर दिनांक 27/05/2022

छत्तीसगढ़ आबकारी अधीनस्थ तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम, 2018 यथा संशोधित के नियम 13 में उल्लेखित एवं अनुसूची–पाँच में दी गई योजना के अनुसार आबकारी मुख्यालय/कार्यालयों में कार्यरत लिपिकीय एवं आबकारी मुख्य आरक्षक/आबकारी आरक्षक संवर्ग के निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले कर्मचारियों में से आबकारी उप–निरीक्षक के पदों को भरने हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (वर्ष–2022) विभागीय स्तर पर **दिनांक 28.08.2022** को रायपुर शहर (छ.ग.) में आयोजित की जायेगी।

परीक्षा केन्द्र का नाम एवं परीक्षा की समय सारणी के संबंध में पृथक से सूचित किया जावेगा। इस परीक्षा द्वारा भरे जाने वाले पदों की संख्या एवं अन्य विवरण निम्नानुसार है :–

| वर्तमान आरक्षित श्रेणी का प्रतिशत | कुल पदों की संख्या | | | कार्यरत पदों की संख्या | | | रिक्त पदों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| सामान्य – | 09 | 03 | 12 | – | – | – | 09 | 03 | 12 |
| अ.ज.जा. – 32% | 07 | 02 | 09 | – | – | – | 07 | 02 | 09 |
| अ.जा. – 12% | 03 | 00 | 03 | – | – | – | 03 | 00 | 03 |
| पि. वर्ग – 14% | 03 | 01 | 04 | – | – | – | 03 | 01 | 04 |
| **योग** | **22** | **06** | **28** | – | – | – | **22** | **06** | **28** |

आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा उक्त भरे जाने वाले पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

टीप :– **सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा से चयन में वर्तमान में 28 उम्मीदवारों का चयन किया जावेगा तथा नियमानुसार आवश्यक संख्या में उम्मीदवारों को प्रतीक्षा सूची में वर्गवार रखा जावेगा, जो चयन की तिथि से 01 वर्ष तक प्रभावशील रहेगी तथा इस 01 वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तयों के विरूद्ध प्रतीक्षा सूची में से क्रमबद्ध रूप से उम्मीदवारों की नियुक्ति की जा सकेगी।**

**2/ पात्रता** :–उक्त योजना के अंतर्गत सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आबकारी विभाग के लिपिक वर्गीय, आबकारी मुख्य आरक्षक एवं आबकारी आरक्षक संवर्ग/वर्गीय केवल वे ही कर्मचारी पात्र होंगे, जो निम्नांकित अर्हताएं रखते हों, अर्थात् :–

**(I)** जो आबकारी विभाग में लिखित परीक्षा की तिथि पर कम से कम 05 वर्ष से किसी लिपिक/आरक्षक वर्गीय पद पर स्थाई या स्थानापन्न हैसियत से कार्य कर रहे हों।

**(II)** जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक की उपाधि हो।

**(III)** राज्य शासन के द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ 6–70/2021/वा.क.(आब.)/पांच (18) नवा रायपुर दिनांक 01.02.2022 के द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनस्थ तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम 2018 के अनुसूची –पॉच के सरल क्रमांक 2 के खण्ड (क) के उपखण्ड (ग) में यथा प्रावधानित अधिकतम आयु सीमा को, केवल एक बार के लिए शिथिल करते हुए, समस्त

आयु वर्ग के आवेदकों/कर्मचारियों को सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुमति प्रदान की गई है। अतः इस परीक्षा हेतु किसी भी आयु वर्ग का पात्र आवेदक आवेदन कर सकता है।

(IV) आवेदक जो निम्नलिखित शारीरिक योग्यता पूर्ण करते हों :–

| **मापदण्ड** | पुरूष कर्मचारियों के लिये | महिला कर्मचारियों के लिये |
|---|---|---|
| उँचाई | 165 सेंटीमीटर | 152.4 (से.मी.) |
| सीना | 81 सें.मी. (सामान्य स्थिति में) | – |
| | 86 सें.मी. (फुलाने पर) | – |

छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नया रायपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 1–21/2014/सक/26 दिनांक 25 सितम्बर 2014 के अनुसार आवेदित पद के लिए निः शक्तता अमान्य की गई है अतः निःशक्त आवेदक आबकारी उपनिरीक्षक पद के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन करने हेतु पात्र नहीं होगें।

सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रत्येक कर्मचारी को उनसे संबंधित कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता में गठित एक समिति, के समक्ष शारीरिक योग्यता का परीक्षण कराना होगा तथा शारीरिक योग्यता के संबंध में समिति की रिपोर्ट संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा आवेदन पत्र के साथ मूलतः संलग्न कर निर्धारित अवधि में समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति पश्चात मुख्यालय प्रेषित किया जावेगा।

(V) किसी भी आवेदक/कर्मचारी को दो से अधिक बार परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

3/ कर्मचारियों के सेवा अभिलेख में अंकित विवरण को ही अंतिम एवं प्रमाणित माना जावेगा, तथा उससे भिन्न किसी–भी तथ्य को अन्य प्रमाण से सिद्ध मानकर परीक्षा में भाग लेने की अर्हता का निर्धारण नहीं किया जावेगा।

4/ आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय के कार्यालय प्रमुख एवं मुख्यालय की स्थिति में उपायुक्त आबकारी स्थापना शाखा (अराजपत्रित) अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष ही निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत किए जायेंगे।

5/ यदि आवेदक द्वारा नकली अथवा जाली दस्तावेज प्रस्तुत कर अथवा मिथ्या घोषणा पत्र भरकर, परीक्षा में शामिल होने का प्रयास किया गया, तो ऐसे कर्मचारी के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकेगी तथा आबकारी आयुक्त द्वारा उसे भावी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अयोग्य घोषित किया जा सकेगा तथा शासन के द्वारा उसे आगे सेवा में रखे जाने के संबंध में भी पुनर्विचार किया जा सकता है।

6/ जिन आवेदकों के आवेदन पत्र अर्हता संबंधी पात्रता के परीक्षण के उपरांत स्वीकार किये जायेगें, केवल वे ही कर्मचारी निर्धारित परीक्षा केन्द्र के स्थान, तिथि एवं समय में उपस्थित होंगे। परीक्षार्थी को अपने मुख्यालय से परीक्षा केन्द्र तक आने तथा वापसी हेतु कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा।

7/ परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र दिखाना अनिवार्य होगा, बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी। परीक्षार्थियों को रोल नं. आबंटित किया जावेगा। परीक्षार्थियों को कहीं भी प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका में अपना नाम पदनाम लिखना पूर्णतः वर्जित रहेगा, केवल आबंटित रोल नं. लिखना आवश्यक होगा।

8/ परीक्षा के दौरान मोबाईल/कैलकुलेटर/इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का प्रयोग वर्जित रहेगा।

9/ आवेदकों को कोविड–19 के संक्रमण के मद्दे नजर सभी आवश्यक सुरक्षा नियमों/उपायों का पालन करना होगा।

10/ आवेदकों को परीक्षा केन्द्र में शांति एवं अनुशासन बनाये रखना होगा, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

11/ परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र में केन्द्र अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों का सभी आवेदक पालन करेंगे। यदि किसी आवेदक द्वारा अवहेलना किये जाने का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो, उसे चयन हेतु अयोग्य घोषित किया जा सकेगा।

12/ यदि किसी आवेदक द्वारा परीक्षा के दौरान नकल करने अथवा अन्य अवैधानिक–अनुचित तरीके से परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु प्रयास करने का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है, तो संबंधित आवेदक को तत्काल परीक्षा केन्द्र से बाहर निकाल दिया जावेगा, और उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

13/ किसी भी प्रकार की सिफारिश आवेदक को परीक्षा–चयन हेतु अयोग्य कर देगी।

14/ परीक्षार्थियों को एक समान अंक प्राप्त होने की दशा में जो परीक्षार्थी विभागीय द्वितीय प्रश्न पत्र में अधिक अंक प्राप्त करेगा उसे वरीयता दी जावेगी, अगर इसमें भी एक समान अंक होंगे तो जिस परीक्षार्थी को स्नातक परीक्षा में अधिक अंक–प्रतिशत प्राप्त हुआ है, उसे वरीयता दी जावेगी। अगर इसमें भी समान अंक–प्रतिशत होगा तो जन्म–तिथि के अनुसार जो वरिष्ठ होगा उसे वरीयता दी जावेगी। इसके अलावा अन्य किसी भी परिस्थिति में आबकारी आयुक्त का विनिश्चय अंतिम होगा।

15/ परीक्षा प्रश्न पत्र वर्णनात्मक/वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा। परीक्षार्थियों को अपना उत्तर केवल नीली अथवा काली स्याही वाले पेन से हल करना होगा। प्रश्न पत्र में ही उत्तर लिखने का स्थान दिया जावेगा पृथक से कोई उत्तर पुस्तिका एवं प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों को नहीं दिया जावेगा। परीक्षा समाप्ति उपरांत परीक्षार्थियों को परीक्षा हाल में अपने प्रश्न पत्र/उत्तर पुस्तिका जमा करना होगा। प्रश्न पत्र एवं उत्तर लिखने का माध्यम केवल हिन्दी भाषा होगी।

16/ परीक्षा का समय– प्रथम प्रश्न पत्र प्रातः 10.00 बजे से 12.30 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र दोपहर 2.00 बजे से 4.30 बजे तक निर्धारित रहेगा।

17/ लिखित परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे, प्रत्येक प्रश्न पत्र 50 अंको का तथा 2.30 घंटे का होगा। किसी परीक्षार्थी को, परीक्षा में सफल होने के लिए, प्रत्येक प्रश्न पत्र में पृथक–पृथक रूप से कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, दोनो प्रश्न पत्र की विषयवस्तु निम्नानुसार होगी–

**(अ)** प्रथम प्रश्न पत्र– सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी तथा प्रारंभिक अंक गणित।

**(ब)** द्वितीय प्रश्न पत्र– शासकीय सेवा से संबंधित साधारण नियमों का ज्ञान, आबकारी विभाग में उपयोग में आने वाली तकनीकी शब्दावली का ज्ञान तथा आबकारी अधिनियम आदि का संक्षिप्त प्रारंभिक ज्ञान।

18/ प्रश्न पत्रों की पाठ्यचर्या (सिलेबस) निम्नानुसार रहेगी–

**(अ) प्रथम प्रश्न पत्र (कुल अंक 50)–**

(एक) सामान्य ज्ञान (15 अंक)

अस्थायी विषयों से संबंधित सामान्य इतिहास के संक्षिप्त प्रश्न, भारत का इतिहास, भारत का भूगोल तथा सम्बद्ध विषयों के सामान्य ज्ञान, छत्तीसगढ़ के बारे में सामान्य ज्ञान के सामान्य प्रश्न, सामान्य विज्ञान के सामान्य प्रश्न

(केवल 3 प्रश्न)

(दो) सामान्य हिन्दी (15 अंक)

10—12 पंक्तियों की संक्षेपिका पर आधारित संक्षिप्त प्रश्न, समान शब्दों में अंतर, किसी भी विषय पर लगभग 150 शब्दो में विचार अभिव्यक्ति (3 प्रश्न)

(20 अंक)

(तीन) प्रारंभिक अंक गणित

गुणा, भाग, दशमलव भिन्न, प्रतिशत, लाभ—हानि, औसत क्षेत्रफल, आयतन, अनुपात—समानुपात (4 प्रश्न)

**(ब) प्रश्न—पत्र द्वितीय (कुल अंक 50)**

(20 अंक)

(एक) शासकीय सेवा नियमों का ज्ञान

वेतन, अवकाश, सामान्य भविष्य निधि योजना से संबंधित नियमों का ज्ञान, सेवा में भर्ती के नियमों का ज्ञान शासकीय कर्मचारियों के आचरण से संबंधित नियमों का ज्ञान (3 प्रश्न)

(15 अंक)

(दो) आबकारी शब्दावली का ज्ञान

विभाग तथा अधिकार क्षेत्र के विभिन्न पदनामों का सामान्य ज्ञान, आबकारी योग्य विभिन्न सामग्रियों का प्रारंभिक ज्ञान, आबकारी विभाग से संबंधित विभिन्न संगठनों का प्रारंभिक ज्ञान (3 प्रश्न)

(15 अंक)

(तीन) आबकारी अधिनियम आदि का ज्ञान

देशी शराब, विदेशी शराब, गांजा तथा भांग की पूर्ति के लिये व्यवस्था, आबकारी अपराधों को रोकने के तरीके। (3 प्रश्न)

**19**/ आबकारी विभाग द्वारा आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से भरे जाने वाले भर्ती परीक्षा से संबंधित सूचना की प्रति विभागीय वेब साईट www.excise.cg.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है।

**20**/ किसी भी विवाद/शिकायत/आपत्ति पर आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर का विनिश्चय अंतिम होगा।

**आबकारी आयुक्त**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

# छत्तीसगढ़ आबकारी अधीनस्थ सेवा तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा में आबकारी उप–निरीक्षकों के पदों को भरने हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (वर्ष–2022) में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र

प्रति,

**आबकारी आयुक्त,**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

आवेदक का
अभिप्रमाणित पासपोर्ट
साईज का नवीनतम
रंगीन
फोटो

श्रीमान,

मैं सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (वर्ष–2022) में सम्मिलित होना चाहता हूँ। इस संबंध में वांछित जानकारी निम्नानुसार है :–

आवेदक के हस्ताक्षर के नमूने
(हिन्दी में)

कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणित
हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी मे) :– :........................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर मे) :........................................................................
3. आवेदक के पिता / पति का नाम :– :........................................................................
4. आवेदक की जन्म तिथि (अंको में ) :– :दिनांक...............माह.....................वर्ष...........................

   (शब्दों में) ........................................................................................................................
5. श्रेणी :– [अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.वर्ग (गैर क्रिमीलेयर) / सामान्य] :......................................................
6. लिंग :– (पुरूष / महिला) :........................................................................
7. शारीरिक योग्यता :– उँचाई (से.मी. में) :........................................................................

   सीना सामान्य स्थिति में (से.मी. में) (केवल पुरूष आवेदक हेतु) :........................................................................

   सीना फुलाने पर (से.मी. में) :........................................................................
8. शैक्षणिक योग्यता :– :........................................................................

(प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपियाँ संलग्न की जावें) ........................................................................

........................................................................

........................................................................

9. शासकीय सेवा में प्रवेश का दिनांक :– :........................................................................
10. शासकीय सेवा में प्रवेश के समय का पदनाम :– :........................................................................
11. वर्तमान पद :– :........................................................................
12. वर्तमान पदस्थापना कार्यालय का नाम :– :........................................................................

13. विगत 05 वर्षो में लिपिक वर्गीय/मुख्य आरक्षक/आरक्षक पद पर नियुक्त/कार्यरत रहने की अवधि :–

| कार्यालय का नाम | विगत 05 वर्षो से धारित पद का नाम | पद पर नियुक्ति/ कार्यरत रहने की अवधि किस दिनांक से किस दिनांक तक | सेवा का स्वरूप– स्थाई या स्थानापन्न |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

14. (अ) क्या वर्ष 2022 के पूर्व आबकारी विभाग द्वारा आयोजित किये गये सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित हुये है।(हां/नहीं) :........................................

(ब) यदि हां तो कितनी बार– ब्योरा देवे :– :........................................

(स) परीक्षा में शामिल हुए वर्षो की जानकारी :........................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**दिनांक.....................**

**<u>घोषणा पत्र</u>**

मै श्री/श्रीमती/कु. ........................................पद........................................
कार्यालय का नाम........................................सत्य निष्ठा से घोषित करता/करती हूँ कि, इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास से सही है तथा मेरे द्वारा समस्त जानकारी सही भरी गई हैं। इसमें किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है। यदि शासकीय अभिलेखों अथवा अन्य प्रमाण द्वारा उपरोक्त जानकारी मिथ्या अथवा त्रुटिपूर्ण पाई जाती है, तो इसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी।

**स्थान :**..................................
**दिनांक :**................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

कार्यालय .................................................................................................................

## आवेदन पत्र प्राप्त करने की प्राप्ति अभिस्वीकृति

## (सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2022)

श्री / श्रीमती / कु. ...................................................................... पिता / पति ........................................................

........................................... पद ....................................................... कार्यालय .........................................................से

सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2022 हेतु आवेदन पत्र आज दिनांक ...................................को

कार्यालय ............................................................................................................................................ में प्राप्त हुआ।

**प्राप्तकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर**
**एवं पदमुद्रा**

कार्यालय ..........................................................................................................................

## कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणीकरण

## (सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2022)

प्रमाणित किया जाता है कि, श्री/श्रीमती/कु. .......................................................................

पदनाम ......................................................के शासकीय अभिलेख के अनुसार जन्म तिथि दिनांक (अंको में) ................................ अक्षरों में ..........................................................................................................................है।

2/ श्री/श्रीमती/कु. ............................................................................ कार्यालय .................................................. ..................................................................................... आरक्षक/लिपिक वर्गीय पद पर दिनांक.............................. से लगातार स्थाई या स्थानापन्न रूप से कार्यरत है तथा यह अवधि 05 वर्ष से अधिक है।

3/ आवेदक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रिमीलेयर)/सामान्य वर्ग में से............................................................. वर्ग का सदस्य है। इसकी पुष्टि उनके सेवा अभिलेख से की जाती है।

4/ आवेदक की शारीरिक योग्यता का परीक्षण निर्धारित समिति द्वारा किया गया है जिसके अनुसार आवेदक निर्धारित योग्यता रखता है/रखती है। समिति की रिपोर्ट दिनांक..............................संलग्न है।

5/ प्रमाणित किया जाता है कि सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2022 हेतु आवेदक का आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित समयावधि के भीतर कार्यालय ..................................................................................................... में दिनांक ........................................... को प्राप्त हुआ है।

6/ प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र में चस्पा की गई फोटो आवेदक की ही नवीनतम फोटो है जिसकी 02 अतिरिक्त पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटो प्रवेश पत्र हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न है।

**कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर**
**पद मुद्रा**

कार्यालय ..........................................................................................................

## कार्यालय प्रमुख द्वारा आवेदक के गोपनीय चरित्रावली का मूल्यांकन पत्रक एवं प्रमाणीकरण

### (सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2022)

प्रमाणित किया जाता है कि, श्री / श्रीमती / कु. ..........................................................................

पदनाम .......................................................के शासकीय अभिलेख के अनुसार विगत 05 वर्ष अर्थात समयांत मार्च 2017 से समयांत मार्च 2021 तक की स्थिति में गोपनीय चरित्रावली का मूल्यांकन पत्रक निम्नानुसार है :—

| क्र. | वर्षान्त | अधिकतम अंक | प्राप्त श्रेणी | श्रेणी अनुसार प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2017 | 20 | | |
| 2 | 2018 | 20 | | |
| 3 | 2019 | 20 | | |
| 4 | 2020 | 20 | | |
| 5 | 2021 | 20 | | |
| योग | | 100 | | |

2/ आवेदक के गोपनीय चरित्रावली का मूल्यांकन छत्तीसगढ़ आबकारी अधीनस्थ तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम 2018 के अनुसूची पांच की कंडिका 5 (दो) अनुसार निम्नलिखित आधार पर किया गया है—

(अ) उत्कृष्ट / बहुत अच्छा : 20 अंक

(ब) अच्छा : 15 अंक

(स) साधारण : 10 अंक

3/ उपरोक्त सारणी अनुसार आवेदक के गोपनीय चरित्रावली की कार्यालय प्रमुख द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न है।

**कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर**
**पद मुद्रा**

## कार्यालय ..................................................................

## सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2022 हेतु आवेदक के शारीरिक मापदण्ड का परीक्षण प्रमाण पत्र दिनांक ..................

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम :– | |
| पिता / पति का नाम :– | |
| श्रेणी :–<br>(सामान्य / अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.व.) | |
| पदनाम :– | |
| पदस्थापना कार्यालय का नाम :– | |
| शारीरिक मापदण्ड :– | |
| ऊँचाई (से.मी. में) :– | |
| सीना (से.मी. में) सामान्य स्थिति में :– | |
| सीना (से.मी. में) फुलाने पर :– | |
| आवेदक का हस्ताक्षर :– | |

❖ **शारीरिक मापदण्ड हेतु गठित समिति का विवरण :–**

| स.क्र. | नाम / पदनाम | समिति में पदनाम (अध्यक्ष / सदस्य) | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |

**कार्यालय प्रमुख**
**के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा**